बच्चों के लिए
प्रार्थना वाचा

अनुग्रह प्रेमी स्वर्गीय पिता, मुझसे प्रेम करने और मुझे अपने बच्चों में से एक बनाने के लिए आपका धन्यवाद।

प्रेम आपसे प्रेम करने और आपका आज्ञापालन करने में मेरी सहायता करें।

करुणा मेरी सहायता करें कि जैसे आप मुझसे प्रेम करते हैं, वैसे ही मैं भी दूसरों से प्रेम कर सकूँ।

पश्चाताप मैं अपने पापों के लिए खेदित हूँ। मुझे धोकर शुद्ध करें।

आराधना मैं अपने पूरे दिल से आपकी आराधना करूंगा!

समर्पण यीशु, मैं आपको अपना प्रभु मानकर आपके पीछे चलना चाहता हूँ। आप जैसे चाहते हैं, मुझ में बदलाव को लाएं।

निर्भरता मुझे अपने पवित्र आत्मा से भरें। मैं मेरे लिए आपकी योजनाओं को जानना चाहता हूँ।

प्रभाव मुझे अपने अनुग्रह, सत्य और न्याय का संदेशवाहक बनाएं।

शिष्यता मुझे अपनी महिमा के लिए और दूसरों को आपके पीछे चलने हेतु आमंत्रित करने के लिए इस्तेमाल करें।

अधिकार यीशु के नाम में मैं प्रार्थना करता/ करती हूँ। आमीन।

मिलकर यीशु के पीछे चलना।

*theprayercovenant.org/*children

मुखाग्र पद

खोई हुई भेड़ का दृष्टांत · लूका 15:1-7 | देखो, पिता ने हम से कैसा प्रेम किया है कि हम परमेश्वर की सन्तान कहलाएँ; और हम हैं भी। –1 यूहन्ना 3:1

अब्राहम की कहानी · उत्पत्ति 12:1-5 | तू परमेश्वर अपने प्रभु से अपने सारे मन और अपने सारे प्राण और अपनी सारी बुद्धि के साथ प्रेम रख। बड़ी और मुख्य आज्ञा तो यही है। –मत्ती 22:37, 38

दयालु सामरी का दृष्टान्त · लूका 10:25-37 | मेरी आज्ञा यह है, कि जैसा मैं ने तुम से प्रेम रखा, वैसा ही तुम भी एक दूसरे से प्रेम रखो। –यूहन्ना 15:12

निर्दयी सेवक का दृष्टान्त · मत्ती 18:21-25 | देखो, पिता ने हम से कैसा प्रेम किया है कि हम परमेश्वर की सन्तान कहलाएँ; और हम हैं भी। –1 यूहन्ना 3:1

क्रिसमस की कहानी · लूका 2:1-20 | हे यहोवा परमेश्वर, मैं अपने पूर्ण मन से तेरा धन्यवाद करूँगा; मैं तेरे सब आश्चर्यकर्मों का वर्णन करूँगा। –भजन संहिता 9:1

पतरस सिद्ध नहीं था। · लूका 22:54-62 | यदि कोई मेरे पीछे आना चाहे, तो अपने आपे से इन्कार करे और प्रतिदिन अपना क्रूस उठाए हुए मेरे पीछे हो ले। –लूका 9:23

शांतिदायक · यूहन्ना 14:15-31 | आत्मा से परिपूर्ण होते जाओ। –इफिसियों 5:18

यीशु और बच्चे · मत्ती 18:1-6 | और वचन देहधारी हुआ; और अनुग्रह और सच्चाई से परिपूर्ण होकर हमारे बीच में डेरा किया, और हम ने उसकी ऐसी महिमा देखी, जैसी पिता के एकलौते की महिमा। –यूहन्ना 1:14

शाऊल का हृदय परिवर्तन · प्रेरितों 9:1-22 | इसलिये तुम जाओ, सब जातियों के लोगों को चेला बनाओ; और उन्हें पिता, और पुत्र, और पवित्र आत्मा के नाम से बपतिस्मा दो। -मत्ती 28:19

अंधा बरतिमाई · मरकुस 10:46-52 | इस कारण परमेश्वर ने उसको अति महान भी किया, और उसको वह नाम दिया जो सब नामों में श्रेष्ठ है। –फिलिप्पियों 2:9

The PRAYER COVENANT For Children!

4/14 movement

FIND US ON YouVersion

©2019 The Prayer Covenant Inc. All rights reserved